web: www.nyaysakshi.com | पृष्ठ-2 में पढ़ें संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म-खाना खजाना-राशिफल | पृष्ठ-3 में पढ़ें छत्तीसगढ़-प्रादेशिक


# दैनिक न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक


**आवश्यक सूचना**

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यासाक्षी अधिकार से न्याय तक का सर्वे का कार्य तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्वे की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO - CHHHIN/2018/76480 | Postal Registration No-055/Raigarh DN CG | रायगढ़, मंगलवार 09 अप्रैल 2024 | पृष्ठ-4, मूल्य 3 रुपए | वर्ष-06, अंक- 191

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सवारियों से भरी नाव पलटने से 90 से अधिक लोगों की मौत, 34 लापता; हैजा से बचने के लिए कर रहे थे पलायन

**मापुटो।** मोजाम्बिक के उत्तरी प्रांत नामपुला में मोजाम्बिक द्वीप के पास एक नाव के पलट जाने से कम से कम 91 लोगों की मौत हो गई। मोज़ाम्बिक (आरएम) ने यह जानकारी दी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि पीड़ितों में बच्चे भी शामिल हैं और अन्य 34 लोग लापता हैं। दुर्घटना में पांच जीवित बचे लोगों का भी पता चला है। नामपुला प्रांत के राज्य सचिव जैमे नेटो के हवाले से कहा गया है कि यह एक अस्थायी नाव थी जो मोसुरिल जिले से रवाना हुई थी और इसमें कुल 130 यात्री सवार थे। नेटो ने आरएम को बताया कि हैजा के प्रकोप के बारे में गलत सूचना के कारण फैली दहशत के कारण यात्रियों ने अपने मूल क्षेत्र को छोड़ दिया। उन्होंने कहा, यह एक ऐसी नाव थी जो इतने सारे लोगों को ले जाने के लिए तैयार नहीं थी। यह एक मछली पकडऩे वाली नाव थी।

### जेजेपी के हरियाणा प्रमुख ने दिया इस्तीफा, कांग्रेस में शामिल होने की संभावना

**चंडीगढ़ (आरएनएस)।** हरियाणा में जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) को बड़ा झटका देते हुए इसके प्रदेश अध्यक्ष निशान सिंह ने सोमवार को पार्टी छोड़ दी। निशान सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की संभावना है। कयास लगाए जा रहे हैं कि जेजेपी के कई विधायक भी उनके साथ जाएंगे। 2018 में जेजेपी के गठन के बाद निशान सिंह को प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई थी। हरियाणा में भाजपा के साथ साढ़े चार साल का गठबंधन तोडऩे के बाद, अजय चौटाला के नेतृत्व वाली जेजेपी ने पिछले महीने घोषणा की थी कि वह राज्य की सभी 10 लोकसभा सीटों पर अपने दम पर चुनाव लड़ेगी। हरियाणा की सभी 10 सीटों पर लोकसभा चुनाव 25 मई को होंगे। भाजपा ने पहले ही सभी सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा कर दी है।

### प्रेमिका की हत्या कर लाश रेलवे ट्रैक पर फेंकी, अदालत ने सुनाई उम्रकैद की सजा; 20 हजार का जुर्माना भी ठोका

**रांची (आरएनएस)।** रांची में प्रेमिका की हत्या कर शव को रेलवे ट्रैक पर फेंक देने वाले संजीव कुमार को अपर न्यायायुक्त एस बिरुआ की अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उस पर 20 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया है। वारदात 2019 की है। संजीव कुमार का एक महिला के साथ प्रेम प्रसंग था। वह उस पर शादी के लिए दबाव बना रही थी, लेकिन संजीव किसी और से शादी करने की तैयारी कर रहा था। इस वजह से उसने महिला की हत्या कर दी और इसे दुर्घटना का रूप देने के लिए लाश को रेलवे ट्रैक पर फेंक दिया था। बाद में पुलिस ने मामले का खुलासा किया। अदालत ने गवाहों और साक्ष्यों के आधार पर उसे दोषी करार दिया था। सोमवार को सजा के बिंदु पर सुनवाई के बाद अदालत ने आजीवन कारावास का फैसला सुनाया।

### 108 वर्ष की आयु में स्वामी शिवशंकर भारती का निधन, प्रधानमंत्री मोदी ने जताया दुख

**वाराणसी (आरएनएस)।** काशीवासियों के लिए भगवान विश्वनाथ का साक्षात स्वरूप माने जाने वाले स्वामी शिवशंकर भारती चैतन्य का रविवार को 108 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनके निधन पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दुख जताया है। लगभग 100 वर्षों से अनवरत भगवान विश्वनाथ की उपासना, साधना कर रहे भारती जी महाराज ने 20 वर्ष की आयु में ही संन्यास धर्म ग्रहण कर लिया था। वह प्रात: ढाई बजे से सायंकाल छह बजे तक भगवान विश्वनाथ के सानिध्य में रहते थे। गर्भगृह में बैठकर भगवान विश्वनाथ का अभिषेक करते रहते थे। लगभग आठ दशकों यह क्रम चलता रहा। स्वामी शिवशंकर भारती के निधन पर दुख व्यक्त करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक्स पर लिखा,भगवान विश्वनाथ के परम भक्त संत श्री शिवशंकर चैतन्य भारती जी के महाप्रयाण का दु:खद समाचार काशी से प्राप्त हुआ। वो मंगला आरती में बाबा विश्वनाथ की सेवा में अनवरत उपस्थित होते थे। उनका प्रयाण काशी की संत परंपरा के लिए एक बड़ी क्षति है। संत श्री भारती जी महाराज के शिव स्वरूप में विलीन होने पर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि। ? शान्ति !



# तटीय कर्नाटक में माओवादियों के सक्रिय होने की जानकारी, सुरक्षा बल अलर्ट

**बेंगलुरू । आरएनएस**



तटीय कर्नाटक के गांवों में माओवादी गतिविधियों का पता चलने के बाद नक्सल विरोधी बल (एएनएफ) और पुलिस हाई अलर्ट पर हैं। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

सूत्रों ने बताया कि जांच में पता चला कि छह माओवादियों की एक टीम हथियार के साथ गुरुवार और रविवार के बीच एक घर में गई थी। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि माओवादी जूते व वर्दी पहने हुए थे और उनके पास बड़े बैग थे, इनमें हथियार होने की आशंका है।

अधिकारियों ने बताया कि माओवादी हाल ही में दक्षिण कन्नड़ जिले के कदबा तालुक के बिलिनेले गांव में चेरू के पास एक घर में घुस गए। इसके बाद उन्होंने लाइट बंद कर दी और घर के लोगों से अपने सेल फोन भी बंद करने को कहा।

उन्होंने परिवार से टेलीविजन की आवाज़ बढ़ाने के लिए भी कहा। इस दौरान टीम के कुछ सदस्य घर के आगे- पीछे नजर रख रहे थे। माओवादियों ने परिवार को चावल और चिकन करी पकाने के लिए कहा।

भोजन के दौरान उन्होंने टेलीविजन धारावाहिक भी देखा था। उन्होंने अपने मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य उपकरण चार्ज किए। वे कन्नड़, हिंदी और अन्य भाषाओं में बात कर रहे थे। सूत्रों ने बताया कि रात का खाना खाने और अपने उपकरणों को चार्ज करने के बाद वे जंगल में गायब हो गए।

मामले की जानकारी होने पर एएनएफ ने क्षेत्र में और दक्षिण कन्नड़, उडुपी और चिक्कमगलुरु जिलों के जंगलों में तलाशी अभियान चलाया।

सूत्रों ने बताया कि कर्नाटक में 10-12 साल बाद मोआवादियों की सक्रियता देखी जा रही है। पुलिस ने इलाके में गश्त और निगरानी बढ़ा दी है। हाल ही में पड़ोसी उडुपी जिले में भी माओवादियों की आवाजाही की सूचना मिली थी।

### आईजीआई एयरपोर्ट को परमाणु बम से उड़ाने की दी धमकी, दिल्ली पुलिस ने दो यात्रियों को किया गिरफ्तार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** दिल्ली के आईजीआई एयरपोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी देने वाले दो यात्रियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस ने सोमवार को जानकारी देते हुए बताया कि 5 अप्रैल को दिल्ली के एयरपोर्ट पर फ्लाइट में चढऩे से पहले यात्रियों की तलाशी ली जा रही थी। इस दौरान दो यात्रियों ने सिक्योरिटी स्टाफ को एयरपोर्ट को परमाणु बम से उड़ाने की धमकी दी। दिल्ली पुलिस ने बताया कि एयरपोर्ट पर धमाके की धमकी देने के आरोप में दोनों यात्रियों को गिरफ्तार किया गया है। दिल्ली पुलिस ने आगे बताया कि दोनों के खिलाफ एयरपोर्ट पुलिस स्टेशन में धारा 182/505(1)बी के तहत एफआईआर दर्ज की गई। इससे पहले दिसंबर 2023 में एक फोन कॉल के जरिए एयपोर्ट और पहाडग़ंज को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। यह फोन कॉल दिल्ली पुलिस को मिली थी। बता दें कि दिल्ली एयरपोर्ट देश के सबसे बिजी एयरपोर्ट्स में से एक है और ये दुनिया के कई प्रमुख शहरों को राजधानी से जोड़ता है।

## पहले भारत के खिलाफ उगला जहर, अब तिरंगे का अपमान; अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा मालदीव

**नई दिल्ली । आरएनएस**



मालदीव के मंत्रियों का भारत के खिलाफ जहर उगलना जारी है। पहले विवादित टिप्पणी को लेकर निलंबित हो चुकीं मरियम शिउना ने अब भारतीय तिरंगे का मजाक उड़ाया है। हालांकि, उन्हें विवादित पोस्ट को डिलीट कर दिया है और माफी भी मांगी है। खास बात है कि मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू को चीन का समर्थक माना जाता है। वह लगातार मालदीव से भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने की मांग की कर रहे हैं

खबरें हैं कि मालदीव में विपक्षी दल रूष्ठक्क यानी मालदीवियन डेमोक्रेटिक पार्टी को निशाना बनाने के लिए शिउना ने सोशल मीडिया पोस्ट किया था। अब डिलीट हो चुके उस पोस्ट में पार्टी के लोगो की जगह भारतीय तिरंगे में मौजूद अशोक चक्र को लगा दिया गया था। शिउना अब माफी मांगती हुई भी नजर आ रही हैं।

उन्होंने लिखा, मैं हाल ही में की गई एक सोशल मीडिया पोस्ट के बारे में बात करना चाहती हूं, जो चर्चा में है और आलोचना का शिकार है। मेरी हालिया पोस्ट के चलते हुए किसी भी तरह के कन्फ्यूजन के लिए माफी मांगती हूं।

उन्होंने लिखा, मेरे ध्यान में यह बात लाई गई है कि रूष्ठक्क के जवाब में मेरी तरफ से इस्तेमाल में लाई गई तस्वीर भारतीय झंडे से मिलती जुलती है। मैं यह साफ कर देना चाहती हूं कि ऐसा अनजाने में हुआ था और मैं किसी भी गलतफहमी के लिए गंभीरता से माफी मांगती हूं। मालदीव भारत के साथ अपने रिश्ते की का सम्मान करता है।

## तमिलनाडु : बस दुर्घटना में दो की मौत, 19 घायल

**चेन्नई । आरएनएस**




तमिलनाडु के श्रीविल्लीपुत्तूर में एक निर्माणाधीन पुल के पास एक तेज रफ्तार बस दुर्घटना का शिकार हो गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई, वहीं 19 लोगों के घायल होने की खबर है।

यह दुर्घटना रविवार देर रात हुई। मृतकों की पहचान चेन्नई के के. कार्तिक (20) और कोयंबटूर के वलपराई के एम. मुथुसेल्वी (46) के रूप में हुई।

जानकारी के मुताबिक 19 घायलों में से सात को गंभीर चोटें आई हैं। बताया जा रहा है कि दुर्घटना में महेश्वरी (37) नाम की महिला का हाथ कट गया। वह मदुरै सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती हैं।

श्रीविल्लीपुत्तूर के पुलिस उपाधीक्षक, मुहेश जयकुमार ने आईएएनएस से बात करते हुए कहा, "ड्राइवर को यह ध्यान नहीं रहा कि कृष्णनकोइल के पास सडक़ पर निर्माण कार्य चल रहा है। ड्राइवर ने निर्माणाधीन पुल की बाईं ओर अस्थायी सडक़ पर जाने के बजाय बस को सीधे पुल पर चढ़ा दिया।

अधिकारी ने कहा कि ड्राइवर ने पूछताछ के बाद बताया कि अपनी गलती का एहसास होने के बाद उसने तेज रफ्तार बस को बाईं ओर मोडऩे का प्रयास किया, लेकिन उसने बस से नियंत्रण खो दिया।

नियंत्रण खोने के बाद बस पुल और अस्थायी सडक़ के बीच गिर गई। स्थानीय लोग घायलों को बचाने के लिए दौड़े और उन्हें खिड़कियों से बाहर निकाला। पुलिस, अग्निशमन विभाग और बचाव सेवा कर्मी भी मौके पर पहुंचे।

## पीएम मुद्रा लोन के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 14 सीम, 11 एटीएम, 10 मोबाइल समेत 1,31,100 रूपए बरामद

**देहरादून । आरएनएस**

उत्तराखंड एसटीएफ ने प्रधानमंत्री मुद्रा लोन योजना के नाम पर ठगी करने वाले साइबर गिरोह का भंडाफोड़ किया है और गिरोह के दो सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से एसटीएफ ने 1,31,100 रूपए बरामद किए हैं। एसटीएफ ने इनके पास से 14 सिम कार्ड, 11 एटीएम कार्ड, 10 मोबाइल, दो पासबुक और 7 अलग-अलग बैंकों के चेक बुक भी बरामद किए हैं।

आपको बता दें कि गृह मंत्रालय के विभिन्न पोर्टल पर प्रधानमंत्री मुद्रा लोन के नाम पर ऑनलाइन ठगी की जा रही थी। उत्तराखंड एसटीएफ ने सभी पोर्टल का अवलोकन किया तो ऑनलाइन ठगी करने वाले कुछ संदिग्ध मोबाइल नंबर का पता लगा जो देहरादून के थाना प्रेम नगर क्षेत्र में काफी समय से सक्रिय थे। उन्हीं नंबरों के माध्यम से देश के अलग-अलग राज्यों में कई लोगों के साथ साइबर ठगी को अंजाम दिया गया।



कड़ी मशक्कत के बाद आखिरकार उत्तराखंड एसटीएफ ने देहरादून के प्रेम नगर से दो संदिग्ध राहुल चौधरी और सिद्धांत चौहान को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में दोनों अभियुक्तों ने बताया कि इस नेटवर्क का सरगना दीपक राज शर्मा है, जिसने उन्हें इस काम के बारे में जानकारी दी थी। एसटीएफ ने बताया कि इस गिरोह से जुड़े कई लोग तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक और महाराष्ट्र में लोगों को योजना के नाम पर ठगा करते थे और प्रत्येक सप्ताह करीब 5 से 6 लाख रुपए की ठगी कर लेते थे।

एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने बताया कि इस गिरोह का मास्टरमाइंड दीपक राज शर्मा ठगी के पैसे से देहरादून में जमीन खरीदकर उस पर अपना हॉस्टल बना रहा है, जबकि ठाकुरपुर में उसकी एक गारमेंट की दुकान भी है। फिलहाल, एसटीएफ के पास ठगी का शिकार हुए 35 लोगों की शिकायत आई है, जिसके आधार पर गिरोह के सरगना और अन्य लोगों की तलाश की जा रही है।

## पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर के साथ मारपीट का वीडियो आया सामने

**पुलिस और वकील ने बताया फेक**

**ग्रेटर नोएडा । आरएनएस**



पाकिस्तानी महिला सीमा हैदर और उसके भारतीय पति सचिन मीणा अक्सर सुर्खियों में बने रहते हैं। कुछ दिनों पहले ही सीमा के पाकिस्तानी पति गुलाम हैदर के वकील ने सूरजपुर कोर्ट में सीमा, सचिन और सचिन के पिता नेत्रपाल के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने की अर्जी दायर की थी।

इस पर कोर्ट ने जेवर पुलिस को नोटिस जारी करते हुए 18 अप्रैल तक जवाब दाखिल करने का आदेश दिया है। अब सीमा हैदर के कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं, जिनमें सीमा हैदर खुद के साथ हुई मारपीट को दिखाकर छुटकारे की बात कर रही हैं।

सीमा के इन वीडियो के वायरल होने के बाद उनके वकील एपी सिंह ने भी एक वीडियो संदेश के जरिए वायरल वीडियो को फेक बताया है। इसके साथ नोएडा पुलिस ने भी सीमा से बात कर सभी वीडियो को फेक करार दिया है।

दरअसल, सीमा हैदर के कई वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आए हैं, जिनमें सीमा अपने साथ मारपीट के बाद आई चोट को दिखाते हुए वीडियो बना रही है। सभी वीडियो में सीमा हैदर घायल दिख रही है। वीडियो में सीमा हैदर अपने चेहरे और हाथों पर चोट के निशान दिखा रही है। इन सभी वीडियो को सचिन और सीमा के बीच मारपीट के बाद का वीडियो बताकर वायरल किया गया है।

इन सभी वीडियो के आने के बाद सीमा के वकील एपी सिंह ने अपना एक वीडियो बनाकर एक बयान जारी किया है। एपी सिंह ने बताया है कि पाकिस्तान के कुछ तथाकथित चैनल और यूट्यूबर कई बार सीमा हैदर को लेकर एआई की मदद से उसका फेक वीडियो बनाकर वायरल कर चुके हैं और यह वीडियो भी एआई की मदद से बनाया गया है, जो पूरी तरीके से फेक है। सीमा और सचिन में किसी तरीके की कोई भी लड़ाई नहीं हुई है। दोनों राजी खुशी अपने घर पर हैं।

इस मामले को तूल पकड़ता देख नोएडा पुलिस ने भी बयान जारी करते हुए बताया है कि स्थानीय पुलिस द्वारा सीमा हैदर से की गई वार्ता से यह प्रकाश में आया कि सीमा हैदर की वायरल वीडियो फेक है। सीमा हैदर ने बताया कि उनके साथ किसी ने मारपीट नहीं की।

दूसरी तरफ सीमा और सचिन की शादी को गुलाम हैदर ने एक छलावा बताया था। इससे पहले गुलाम हैदर के वकील ने सीमा और सचिन को 3 करोड़ का नोटिस भेजा था। इसके अलावा सीमा और सचिन के वकील डॉ. एपी सिंह को भी 5 करोड़ का नोटिस भेजा गया था। सीमा हैदर के पाकिस्तानी पति की ओर से वकील मोमिन मलिक ने तीनों को करोड़ों के नोटिस भेजकर एक महीने के अंदर माफी मांगने को कहा था। जुर्माना जमा नहीं करने पर कानूनी कार्रवाई शुरू करने की बात भी कही गई थी।

## लोकसभा चुनावों के मद्देनजर सीए की परीक्षा टालने से हाईकोर्ट ने किया इनकार

**नई दिल्ली । आरएनएस**

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मई में लोकसभा चुनाव के मद्देनजर चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) इंटरमीडिएट और फाइनल परीक्षाओं को स्थगित करने की याचिका खारिज कर दी है। सीए के 27 परीक्षार्थियों ने याचिका दायर कर चुनाव की तारीखों के साथ टकराव से बचने के लिए परीक्षा मई के बदले जून में कराने का प्रस्ताव दिया था।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं द्वारा उठाई गई तार्किक चिंताओं के कारण परीक्षा को बाधित करने का कोई ठोस कारण नहीं पाया। परीक्षा में लगभग 4,26,000 उम्मीदवारों के शामिल होने का अनुमान है। न्यायमूर्ति सी. हरि शंकर ने 7 मई और 13 मई की विशिष्ट चुनाव तारीखों का हवाला देते हुए कहा कि परीक्षा कार्यक्रम जानबूझकर इन तारीखों से अलग रखा गया है, ताकि चुनाव प्रक्रिया में कोई हस्तक्षेप न हो।

इसके अलावा, अदालत ने उम्मीदवारों के मतदान अधिकारों में किसी भी बाधा को रोकने के लिए अधिकारियों द्वारा उठाए गए सक्रिय उपायों पर टिप्पणी की, और अंतत: याचिका को 'योग्यता में कमी' का हवाला देते हुए खारिज कर दिया। इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया ने पुनर्निर्धारण की व्यवहार्यता के खिलाफ तर्क दिया और बताया कि इससे परीक्षा समय सारिणी में व्यापक गड़बड़ी होगी। यह आश्वासन भी दिया गया कि मतदान की तारीखों के साथ किसी भी टकराव से बचने के लिए परीक्षाएं सोच-समझकर निर्धारित की गईं।

## आप सांसद संजय सिंह को बड़ा झटका, पीएम मोदी की डिग्री मामले में याचिका खारिज

**नई दिल्ली । आरएनएस**

तिहाड़ जेल से बाहर आए आप सांसद संजय सिंह को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सोमवार को सुप्रीम कोर्ट ने उनकी उस याचिका को खारिज कर दिया है जिसमें उन्होंने गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को चुनौती दी थी। यह पीएम मोदी डिग्री से जुड़ा मामला है। सुप्रीम कोर्ट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री पर सवाल उठाने के मामले में 'आप' सांसद संजय सिंह के खिलाफ जारी मानहानि समन पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। संजय सिंह ने गुजरात विश्वविद्यालय द्वारा दायर मानहानि मामले में गुजरात की एक अदालत द्वारा जारी समन को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी।

दरअसल, गुजरात हाई कोर्ट ने सूचना का अधिकार (क्रञ्जढ्ढ) अधिनियम के तहत पीएम मोदी की डिग्रियों के बारे में जानकारी प्रदान करने के मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को रद्द कर दिया था। इसके बाद गुजरात विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और संजय सिंह के खिलाफ मानहानि का मामला दायर किया था। यह केस पीएम मोदी की डिग्री पर उठाए गए सवालों के बाद किया गया था।

संजय सिंह की याचिका खारिज करते हुए जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस संदीप मेहता की पीठ ने कहा, 'हम वर्तमान याचिका पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।' दरअसल, हाई कोर्ट ने 16 फरवरी को संजय सिंह और अरविंद केजरीवाल की मानहानि मामले में उनके खिलाफ जारी समन को रद्द करने की मांग वाली याचिका खारिज कर दी थी। संजय सिंह और केजरीवाल ने सत्र अदालत के आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी।

## एनआईए ने 3 टीएमसी नेताओं को भेजा समन, दो की हो चुकी है गिरफ्तारी; इस मामले में चल रही है जांच

**कोलकाता । आरएनएस**




बंगाल के भूपतिनगर इलाके में दो साल पहले हुए ब्लास्ट मामले में एनआईए की टीम ऐक्टिव मोड में है। दो टीएमसी नेता गिरफ्तार हो चुके हैं। गिरफ्तार करने के लिए जब टीम गांव पहुंची थी, तो उन पर हमला हुआ था। जिसमें अधिकारी घायल हुए हैं। वहीं, अब इस मामले में तीन अन्य नेताओं को समन जारी किया गया है। जांच एजेंसी का कहना है कि तीनों नेताओं को पिछले हफ्ते भी इन्हें पूछताछ के लिए बुलाया गया था लेकिन, वे नहीं आए। इस पूरे मामले में टीएमसी ने आरोप लगाया है कि चुनाव से पहले जानबूझकर पश्चिम बंगाल में बीजेपी द्वारा षडय़ंत्र रचा जा रहा है। इससे पहले शनिवार को एनआईए की टीम भूपतिनगर विस्फोट मामले में संदिग्धों को गिरफ्तार करने गई थी लेकिन, गांववालों ने कथित तौर पर एनआईए की टीम पर हमला बोल दिया। इस मामले में हालांकि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस मामले में आरोपियों का बचाव किया। ममता ने कहा कि अगर कोई अजनबी आधी रात को आपके घर में घुसे तो आप क्या करोगे? एनआईए की टीम को दिन के उजाले में आना चाहिए था। एनआईए ने कहा कि भूपतिनगर में हुए हमले में उसका एक अधिकारी घायल हो गया और एक वाहन क्षतिग्रस्त हो गया।

एनआईए अधिकारी ने सोमवार को बताया कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने भूपतिनगर विस्फोट मामले में पूछताछ के लिए तृणमूल कांग्रेस के तीन नेताओं को समन जारी कर अपने अधिकारियों के सामने पेश होने को कहा है। तीनों नेताओं के नाम मनब कुमार, सुबीर मैती और नबा कुमार हैं। अधिकारी ने बताया, तीन टीएमसी नेताओं को सोमवार सुबह पूछताछ के लिए हमारे शहर कार्यालय में बुलाया गया है। इस मामले में एनआईए की टीम दो टीएमसी नेताओं को गिरफ्तार कर चुकी है। एनआईए अधिकारी ने कहा, गिरफ्तार किए गए दोनों टीएमसी नेता हमारे अधिकारियों के साथ सहयोग नहीं कर रहे हैं। यह पहली बार नहीं है, तीन महीने पहले भी ग्रामीणों और स्थानीय लोगों ने प्रवर्तन विभाग (ईडी) के अधिकारियों की एक टीम पर हमला किया था। तब मामला कथित राशन घोटाले से जुड़ा था। ईडी की टीम 5 जनवरी को टीएमसी नेता शाहजहां शेख के आवास पर छापा मारने पहुंची थी। हालांकि अब शेख गिरफ्तार हो चुका है।